Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to redress the grievances of people whose land has been acquired for North Karanpura Super Thermal Power Plant, Tandwa in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): नार्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर टण्डवा जिला-चतरा परियोजना के लगने से टण्डवा को विकास एवं रोजगार की एक आशा जगी थी परन्तु वर्तमान में सपना पूर्ण होता नहीं दिखलायी पड़ रहा है । विस्थापित भू-रैयतों द्वारा निम्न मांगों को लेकर विगत दो माह से ज्यादा समय से धरना जारी है ।

1. विस्थापित परिवार को एनयूटी की राशि का भुगतान कराया जाय । अगर भुगतान में किसी प्रकार की प्रक्रिया में बाधा है तो रैयतों को एक मुश्त राशि भुगतान की व्यवस्था की जाय ।

2. NKSTPP निर्माण कार्य में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा 15 लाख रूपये प्रति एकड़ किया गया है जबकि बाद में इसी परियोजना में 24 लाख रूपया प्रति एकड़ जमीन क्रय किया गया है । अतः रैयतों को 24 लाख रूपया प्रति एकड़ भुगतान की जाय ।

3. NKSTPP निर्माण कार्य में त्रिपक्षीय वार्ता में शत् प्रतिशत रोजगार स्थानीय को देने पर सहमति बनी थी, परन्तु स्थानीय को रोजगार न देकर काफी संख्या में बाहर के लोगों को दिया गया है । सहमति के अनुसार शत् प्रतिशत स्थानीय लोगों को नियोजित किया जाय एवं बाहरी को हटाया जाय।